बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

**प्रेस विज्ञप्ति** दिनांकः 24 अक्टूबर, 2025

## बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 हेतु उपयोग की जाने वाली ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट की 'द्वितीय रैंडमाइजेशन'

ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट का 'द्वितीय रैंडमाइजेशन' निर्वाची पदाधिकारी द्वारा संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में संपन्न होता है। इस प्रक्रिया में प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत विधानसभावार उपलब्ध कराये गये ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट को यादृच्छिक (Random) रूप से 'मतदान केंद्रवार' आवंटित किया जाता है तथा मतदान केन्द्र आवंटन के बाद शेष बचे ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट को सुरक्षित रख लिया जाता है। सुरक्षित मशीनों का उपयोग खराब मशीनों के Replacement के रूप में किया जाता है।

द्वितीय रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया 'भारत निर्वाचन आयोग' के EVM Management System – EMS पोर्टल के माध्यम से की जाती है। ई०वी०एम० के द्वितीय रैंडमाइजेशन से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश Manual on Electronic Voting Machine, Edition-08, Aug.-2023 में उल्लिखित हैं, जो भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://www.eci.gov.in/evm&vvpat पर उपलब्ध है।

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के क्रम में उपयोग की जाने वाली ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट का 'द्वितीय रैंडमाइजेशन' का कार्यक्रम निम्नवत है :–

| जिला का नाम | विधानसभावार क्षेत्रों की सं० | द्वितीय रैंडमाइजेशन की तिथि | चरण |
|---|---|---|---|
| मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखिसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर एवं बक्सर | 121 | 24.10.2025 | प्रथम चरण |
| पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सितामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया जी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास एवं कैमूर | 122 | 29.10.2025 | द्वितीय चरण |

राज्य के प्रथम चरण से संबंधित 18 जिलों के 120 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आज दिनांक 24.10.2025 को ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट का द्वितीय रैंडमाइजेशन अभ्यर्थियों एवं प्रेक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस क्रम में कुल 46499 BU, 44959 CU एवं 44959 VVPAT मतदान केन्द्रों के लिए आवंटित हुआ तथा कुल 9376 BU, 9069 CU एवं 12668 VVPAT सुरक्षित के रूप में चिन्हित किया गया एवं उक्त मशीनों की सूची सभी अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं को उपलब्ध कराया गया। इन्हीं ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट का उपयोग रैंडमाइजेशन के माध्यम से संबंद्ध किये गये मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा।

बक्सर जिले के 201–डुमरॉव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15 से अधिक अभ्यर्थियों के निर्वाचन लड़ने के कारण वहाँ अतिरिक्त बी०यू० की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए द्वितीय रैंडमाइजेशन का कार्य दिनांक 29.10.2025 को अपराह्न में किया जाएगा।

प्रथम चरण के लिए सभी जिलों में ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट की कमीशनिंग का कार्य दिनांक 28.10.2025 से अभ्यर्थियों/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारंभ होगा।

****************